तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 09 अप्रैल 2026



10 ट्रायल मैच से युवाओं को मिल रहा बेहतर ...



12 हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब






## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**महासमुंद**। खरोरा के सांई मंदिर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मृतक रामानंद विश्वकर्मा पिता थानूराम विश्वकर्मा (63 साल) निवासी खरोरा के मर्ग सदर की जांच किया गया। जिसके तहत मृतक साराडीह मोड़ से अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 ए 8534 से अपने घर ग्राम खरोरा आ रहा था कि सांई मंदिर के पास एनएच 353 पहुंचा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए रामानंद विश्वकर्मा को उसके मोटर सायकल सहित पीछे ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई और उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट आरोपी अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है

### बहस करने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद**। बहस करने से मना करने पर दो लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को शंभु ध्रुव निवासी साल्हेभांठा ने बताया कि 06 अप्रैल को वह सामान खरीदने मनोहर दुकान जा रहा था। दोपहर 2 बजे स्कूल के पास मिथलेश ध्रुव एवं शुभम ध्रुव अपने चाचा सुरेश ध्रुव के साथ बहस कर रहे थे, जिन्हें उसने समझाया। इस आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

### एक्सीडेंट में युवक की हुई मौत

**महासमुंद**। नेशनल हाईवे 53 में बैंगनडीह मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन चालक की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। बसना पुलिस ने बताया कि 07 अप्रैल को हितेश कुंवर पिता रामप्रसाद कुंवर (25 साल) केसरपुर थाना बसना ने अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केसी 6664 से ड्यूटी पर टोल नाका छुईपाली जा रहा था, इसी दौरान मेन रोड एनएच 53 बैंगनडीह मोड़ के पास सामने आ रही बिना नंबर बजाज डिस्कवर 125 मोटर सायकल के चालक ने हितेश की बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में धारा 106 (1) बीएनएस, 184 एमवी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### दो सट्टेबाज गिरफ्तार

**महासमुंद**। बागबाहरा के बस स्टैंड से पुलिस ने दो सट्टेबाजों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि बस स्टैं ड बागबाहरा में नीरज सोनी सट्टा पट्टी नामक जुआ लिख रहा है. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2000 नगद, मोबाइल को जब्त किया है। इसी तरह दूसरे मामले में पुलिस ने बस स्टैंड से ही जयेश साहू पिता खुशीराम साहू के कब्जे से 1800 रुपए नगद मोबाइल जब्त किया है।

# डीजल की अवैध खरीदी-बिक्री करते तीन आरोपी गिरफ्तार, 6 लाख का सामान जब्त

## आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने जब्त की भारी मात्रा में डीजल और वाहन भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए डीजल की चोरी और उसकी अवैध खरीदी-बिक्री करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना पिथौरा पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से भारी मात्रा में डीजल व एक वाहन बरामद किया है।

पुलिस को 8 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मेमरा में अवैध रूप से डीजल का भंडारण और बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने निर्मल यादव के किराना दुकान और मकान पर रेड मारी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पाया कि आरोपी निर्मल यादव अपने सहयोगी खेमराज पटेल के साथ मिलकर असुरक्षित तरीके से डीजल का भंडारण कर रहा था। जांच के दौरान पुलिस ने एक आयशर माजदा वाहन क्रमांक सीजी 23 एच 7776 के चालक गिरधर सिन्हा को भी पकड़ा। आरोपी चालक अपने वाहन से डीजल चोरी कर इन आरोपियों को बेच रहा था। पुलिस ने मौके से 150 लीटर अवैध डीजल और डीजल मापने के उपकरण जब्त किए हैं। पुलिस द्वारा जब्त की गई कुल संपत्ति की कीमत 6,15,900 रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें निर्मल यादव 32 वर्ष, निवासी ग्राम मेमरा, खेमराज पटेल 20 वर्ष, निवासी ग्राम चिखली, गिरधर सिन्हा 35 वर्ष, निवासी जिला गरियाबंद शामिल हैं। इन आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं और आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3 व 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सुरक्षा मानकों के उल्लंघन और चोरी की संपत्ति रखने के आरोप में प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## क्राइम : भंवरपुर पुलिस ने की कार्रवाई, घेराबंदी कर आरोपियों को धर दबोचा

# जुआ खेलते 9 जुआरी पकड़े गए, सवा लाख से अधिक का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे आरोपियों को पुलिस घेराबंदी कर धर दबोचा। भंवरपुर पुलिसने ग्राम बनडबरी के पास जुआ खेलते हुए 9 व्यक्तियों पर कार्रवाई की। इनके पास से नकद राशि, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल सहित कुल 1,36,300 रुपए की संपत्ति बरामद की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को भंवरपुर चौकी (थाना बसना) को मुखबिर के जरिए गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम बनडबरी से संतपाली जाने वाले कच्चे रास्ते पर नीम के पेड़ के नीचे कुछ लोग पैसों का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गवाहों के साथ बताए गए स्थान पर घेराबंदी की।



पुलिस की अचानक छापेमारी से वहां भगदड़ मच गई, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर मौके से 9 जुआरियों को धर दबोचा।

### जब्त की गई संपत्ति

पुलिस ने आरोपियों के पास से और जुए के फड़ से सामग्री जब्त की है जिसमें नकद राशि 12,300 रुपए, 8 नग मोबाइल फोन कीमत लगभग 30,000 रुपए, 6 नग पुरानी मोटरसाइकिल कीमत लगभग 94,000 रुपए, 52 पत्ती ताश और बैठने के लिए उपयोग की गई प्लास्टिक की बोरी। कुल जब्त संपत्ति की कीमत 1,36,300 रुपए आंकी गई है।

### पकड़े गए आरोपियों का विवरण

पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपी मुख्य रूप से संतपाली और बरतियांभाठा क्षेत्र के रहने वाले हैं। जिसमें जीतराम चौहान 45 वर्ष, केशव साहू 24 वर्ष, होरीलाल राणा 28 वर्ष, विनय नायक 37 वर्ष, सीताराम राणा 28 वर्ष, बसंत कुमार निषाद 26 वर्ष, तुलसीराम राणा 34 वर्ष, उपेन्द्र नायक 36 वर्ष और रूकमन पटेल 38 वर्ष शामिल हैं।

### पुलिस ने की कानूनी कार्रवाई

पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) और 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आरोपियों के खिलाफ अलग से प्रतिबंधात्मक कानूनी कार्रवाई भी की गई है।

# 320 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के थाना सांकरा और सरायपाली क्षेत्र में छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब और शराब बनाने का कच्चा माल (लाहन) बरामद किया है। इस कार्रवाई में कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना सांकरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सावित्रीपुर के खार जंगल में कुछ लोग अवैध रूप से शराब बनाने का काम कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने जंगल में घेराबंदी कर छापेमारी की। मौके से पुलिस ने तीन आरोपियों टिकेश्वर कोसरिया (28 वर्ष), हेमंत लाल कुर्रे (26 वर्ष) और लोकनाथ बारीक (28 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से 260 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 52,000 रुपये है। इसके अलावा, शराब बनाने के लिए तैयार किया गया 2,000 किलो महुआ लाहन और शराब बनाने के चूल्हों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

### सरायपाली के खेत में पकड़ी गई अवैध शराब



एक अन्य कार्रवाई में थाना सरायपाली पुलिस ने ग्राम झालपाली में दबिश दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने समय लाल भास्कर के खेत में छापेमारी की, जहाँ बलराम भास्कर (25 वर्ष) नामक युवक को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 60 लीटर महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत 12,000 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके पर मिले 500 किलो महुआ लाहन को भी नष्ट कर दिया।

### आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज

इन दोनों मामलों में पुलिस ने कुल 320 लीटर शराब जब्त की है, जिसकी कुल कीमत 64,000 रुपये है। सभी चारों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# 15 महीने बाद खुला मौत का राज मजदूर की संदिग्ध मौत में मकान मालिक पर एफआईआर दर्ज

**पिथौरा (ग्रामीण)**। थाना क्षेत्र के ग्राम कैलाशपुर में अवैध शराब निर्माण के लिए बनाए गए गड्ढे में



जहरीली गैस की चपेट में आने से हुई मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। घटना के करीब 15 महीने बाद, पीएम रिपोर्ट तथा साक्ष्यों के आधार पर पिथौरा पुलिस ने 7 अप्रैल 2026 को आरोपी मकान मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। गौरतलब है कि यह दर्दनाक घटना 10 जनवरी 2025 को घटित हुई थी। मृतक अर्जुन नायक (29 वर्ष) गांव के ही काशीराम यादव के यहां मजदूरी करता था। परिजनों का आरोप है कि घटना की रात काशीराम यादव के पुत्र चक्रधर



हरिभूमि

षड्यंत्रपूर्वक मजदूर को टैंक में उतारने से हु... में परिजनों ने की हत्या का मामला दर्ज क...

यादव ने अर्जुन को घर बुलाकर महुआ शराब बनाने के लिए कमरे के भीतर बने एक गहरे सेप्टिक टैंकनुमा गड्ढे में उतारा। बताया जाता है कि गड्ढे के अंदर महुआ पास था। जिसके कारण जहरीली गैस भरी हुई थी, जिसकी चपेट में आते ही अर्जुन बेहोश हो गया। जिसके बाद एनसीसी हॉस्पिटल झलप में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे तत्काल रायपुर स्थित बालाजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### ट्रक से छह एयर कंडीशनर चोरी

**महासमुंद**। रायपुर से ओडिशा जा रहे एक ट्रक से एयर कंडीशनर चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि लक्ष्मण पिता दशरथ लाल वर्मा (50 वर्ष) इंद्रनगर, बमरौली, उपरहार थाना पुरामुफ्ती जिला प्रयागराज (उ.प्र.) ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह विगत 04 वर्षों से राज कार्गो मूवर्स में प्रोप्राईटर्स अयज सी के यहां गाड़ी चला रहा है। 3 अप्रैल को वह रायपुर से बलांगीर (ओडिशा) जाने के लिए आयशर कंटेनर वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूएल 6447 में सामान लोड करके निकला था। रात करीबन 02.30 बजे से 3 बजे के मध्य रात्रि में पटेवा के आस-पास उक्त वाहन में लगे पीछे दरवाजे का सील एवं ताला को अज्ञात चोर द्वारा काटकर चलती वाहन से चोरी को अंजाम दिया गया। बलांगीर (ओडिशा) आफिस में माल खाली कर मिलान करने पर पता चला कि वाहन में कुल 18 एसी लोड था जिसमें से 06 नग एसी कीमत 2,02,854 रुपए को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305 (सी) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# 10 माह से फरार गांजा तस्कर और हिट एंड रन का मुख्य आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी और लापरवाही से मौत के मामले में 10 महीने से फरार चल रहे एक शातिर अंतरराज्यीय अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी अमूल्य कुमार बिश्नोई, जो ओडिशा का निवासी है, अपनी पहचान छिपाकर लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। साइबर सेल और खल्लारी पुलिस की संयुक्त टीम ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर उसे ओडिशा के सुनाबेड़ा से धर दबोचा।

मिली जानकारी के अनुसार घटना 22 जुलाई 2025 की है। आरोपी अमूल्य बिश्नोई अपनी कार क्रमांक ओआर 07 जेड 0093में भारी मात्रा में गांजा लेकर तस्करी कर रहा था। खल्लारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पकड़े जाने के डर से आरोपी ने वाहन को तेज रफ्तार में भगाना शुरू किया। इस दौरान उसने एक मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी घबराकर वाहन और उसमें लदा 190 किलोग्राम गांजा मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 28,49,250 रुपए आंकी गई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना खल्लारी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) और बीएनएस की विभिन्न धाराओं 281, 125(ए), 125(बी) व 106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था।



### ठिकाने बदल-बदलकर दे रहा था चकमा

गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी अमूल्य बिश्नोई पिछले 10 महीनों से फरार था। वह अपनी पहचान छिपाकर लगातार ठिकाने बदल रहा था, जिससे पुलिस को उसे ट्रैक करने में कठिनाई हो रही थी। हालांकि, महासमुंद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर सेल ने तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लिया। सटीक सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने ओडिशा के सुनाबेड़ा जिला कोरापुट में दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

पकड़ा गया आरोपी 48 वर्षीय अमूल्य कुमार बिश्नोई, पिता सनातन बिश्नोई, को पुलिस ने 7 अप्रैल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में खल्लारी थाना और साइबर थाना टीम की विशेष भूमिका रही, जिनकी सक्रियता से एक पुराने और गंभीर मामले का पटाक्षेप हो सका।

# युकां ने लॉन्च किया संविधान लीडरशिप प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा देशभर में चलाए जा रहे संविधान लीडरशिप प्रोग्राम को लेकर बुधवार को प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता अर्जुन अमित श्रीवास्तव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की।

अर्जुन अमित श्रीवास्तव ने बताया कि इस अभियान का प्राथमिक लक्ष्य युवाओं को भारतीय संविधान में निहित मूल्यों, उनके मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के दौर में युवाओं के लिए संविधान की गहरी समझ होना अनिवार्य है, ताकि वे देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इस प्रेस वार्ता के दौरान स्थानीय युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रेस वार्ता में एरिश अनवर, अमन चंद्राकर, कुशाग्र सोनी, युवराज साहू, युवराज चंद्राकर, आयुषमान सिंग ठाकुर, शुभ गोयल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे युवाओं के भविष्य और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक मील का पत्थर बताया।




### वैकल्पिक मीडिया और नेतृत्व निर्माण

प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता ने एक महत्वपूर्ण बिंदु साझा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय युवा कांग्रेस देशभर में एक जागरूक और जिम्मेदार नेतृत्व तैयार करना चाहती है। इसके साथ ही, इस पहल का एक बड़ा उद्देश्य एक अल्टरनेट मीडिया चैनल (वैकल्पिक मीडिया मंच) खड़ा करना भी है, ताकि युवाओं की आवाज और उनके मुद्दों को सही मंच मिल सके।

### जिले के लिए लक्ष्य

छत्तीसगढ़ में इस प्रोग्राम को बड़े स्तर पर लागू किया जा रहा है। जिले के संदर्भ में उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारियां दीं है कि जिले भर से लगभग 2500 युवाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए 18 से 40 वर्ष की आयु निर्धारित की गई है। जोड़े गए युवाओं को संवैधानिक विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।


WE ARE HIRING

**Job Opening**
**CIRCULATION ASSISTANT MANAGER**

**Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post**

**Location : Raipur City**

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

**Qualifications :**

- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

**Responsibilities :**

- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

**How to Apply**

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### पशु क्रूरता-अनाचार का आरोपी धरा गया

**रायपुर।** पशु क्रूरता एवं अनाचार के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुरानी बस्ती थाना में भाठागांव से शिकायत मिली थी कि एक व्यक्ति पशु के साथ क्रूरता और अनाचार कर रहा है। इस शिकायत के साथ पुलिस को वीडियो भी सौंपा गया था। इस वीडियो के फूटेज एवं साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान होरी लाल सोनकर उर्फ गोगा निवासी सोनकर पारा के रूप में की। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### पिकनिक मनाने गए युवक पर चाकू से हमला, 5 गिरफ्तार

**रायपुर।** मुजगहन थाना क्षेत्र अंतर्गत सात पाखर एनीकट काठाडीह में पिकनिक मनाने के दौरान चाकूबाजी की घटना सामने आई है। इमामबाड़ा निवासी मो. युनूस ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने साथियों के साथ पिकनिक मनाने सात पाखर एनीकट गया था। इसी दौरान आरोपी शेख फारुख, मो. रियाज, सैयद उस्मान, शेख साहिल एवं विशाल नायक ने दीपावली त्योहार के दौरान हुए विवाद को लेकर उसके साथ झगड़ा किया। इस दौरान आरोपियों में किसी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### नशीली ड्रिंक पिलाकर किया रेप, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** नशीली ड्रिंक पिलाकर एक युवती के साथ रेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की है। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी आशीष पात्रो निवासी शंकरनगर मूलतः टिकरापारा बिलासपुर का रहने वाला है।

आशीष और पीड़िता दोनों पहले एक कंपनी में स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग सिखाने का काम करते थे। दोनों के बीच इस कंपनी में ही दोस्ती हुई थी। पीड़िता ने नौकरी छोड़ दी, लेकिन इसके बाद भी दोनों के बीच कभी-कभी बातचीत होते रहती थी। इसी का फायदा उठाकर एक दिन आशीष ने उसे मिलने के लिए अपने ऑफिस बुलाया और ड्रिंक में नशीली चीज मिलाकर पिला दी। इसके बाद उसने मौके का फायदा उठाकर उसके साथ रेप किया।

### फिल्म निर्माण और अभिनय के लिए युवाओं का प्रशिक्षण कोर्स 4 मई से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में फिल्म निर्माण और अभिनय के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर सामने आया है। देश की प्रतिष्ठित संस्था फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) पुणे द्वारा मई 2026 में तीन विशेष शॉर्ट टर्म कोर्स आयोजित किए जा रहे हैं। ये कोर्स छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसाइटी के सहयोग से जनमंच सड्डू में आयोजित होंगे। फिल्म संस्था द्वारा 4 मई से 24 मई के बीच कुल तीन अलग-अलग विषयों पर कोर्स संचालित किए जाएंगे।

# आत्मानंद विद्यालयों के 751 प्राचार्यों से पूछेगा डीपीआई-इंग्लिश सुधारने क्या किया? नीट-जेईई तैयारी का रोडमैप

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में संचालित 751 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालयों के प्राचार्यों को लोक शिक्षण संचालनालय ने राजधानी तलब किया है। इसके लिए समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को खत लिखा गया है। इसमें कहा गया है कि अकादमिक कार्यों के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए प्राचार्यों की बैठक 9 अप्रैल को पं.दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित की जाएगी। इसमें प्रदेशभर के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के प्राचार्य शामिल होंगे। बैठक के एजेंडे भी साझा किए गए हैं।

प्राचार्यों से पूछा जाएगा कि बोर्ड रिजल्ट के लिए सत्र 2025-26 एवं 2026-27 में विद्यालय का लक्ष्य क्या था? मार्च-अप्रैल में हो चुकी परीक्षाओं को लेकर किए गए उनके प्रयासों के अतिरिक्त अगले शैक्षणिक सत्र में छात्रों के बेहतर प्रदर्शन के लिए कौन सी योजनाएं बनाई गई हैं, इस पर भी चर्चा होगी। नीट व जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा। एडमिशन पर चर्चा करने के साथ अंग्रेजी भाषा में विद्यार्थियों की दक्षता के लिए विद्यालय द्वारा की गई कोशिशों की भी जानकारी देनी होगी।

### लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखा खत

#### बताना होगा-विद्यालय को सुंदर बनाने क्या किया?

शिक्षक-अभिभावक बैठक माह में कब-कब आयोजित की गई और इसकी सफलता की दर कितनी रही, इसकी भी समीक्षा की गई। पालक अधिकारी द्वारा किए गए प्रयासों की भी समीक्षा बैठक में होगी। अन्य गतिविधियों में विद्यालयों की सफलता, विद्यालय के वातावरण को आकर्षक बनाने में विद्यालय द्वारा किए गए प्रयास, स्मार्ट क्लास रूम एवं पुस्तकालय के उपयोग, शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए विद्यालयीन आवश्यकताएं सहित नवाचार गतिविधियों पर चर्चा इस बैठक में होगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी आदेश में कहा है कि वे अपने जिले के समस्त सेजेस प्राचार्यों को निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित कराना सुनिश्चित करें।




#### खराब हुआ है प्रदर्शन

गौरतलब है, फंड के अभाव में पिछले दो शैक्षणिक सत्र से स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के स्तर में कमी आई है। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में प्रत्येक स्वामी आत्मानंद विद्यालय को संचालन के लिए पांच लाख रुपए की राशि वार्षिक रूप से प्रदान की जाती थी। बीते दो सत्रों से विद्यालयों को यह राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। यही कारण है कि विद्यालय रख-रखाव सहित अन्य चीजों पर पूर्व की तरह ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। कुछ स्कूलों द्वारा उधार में सामग्री मांगकर भी व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश की गई है। हालांकि, इन बिंदुओं को बैठक के एजेंडे में शामिल नहीं किया गया है।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर खट्टर कर चुके हैं लोकसभा में स्पष्ट

# स्मार्ट मीटर में अब प्रीपैड कनेक्शन की बाध्यता नहीं, पोस्टपैड का रहेगा विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खास खबर

- विद्युत अधिनियम 2003 में प्रीपैड का प्रावधान ही नहीं है

प्रदेश भर के बिजली उपभोक्ताओं के लिए यह एक बड़ी राहत की खबर है कि अब स्मार्ट मीटर लगाने वाले किसी भी उपभोक्ता को कनेक्शन प्रीपैड करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। उपभोक्ता अपनी मर्जी से पोस्ट पैड या फिर प्रीपैड का चयन कर सकेंगे। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर लोकसभा में यह स्पष्ट कर चुके हैं कि किसी भी उपभोक्ता पर प्रीपैड कनेक्शन थोपा नहीं जाएगा।उपभोक्ता चाहे तो प्रीपैड कनेक्शन का विकल्प चुन सकते हैं। ऐसे में अब तय हो गया है कि प्रदेश में भी प्रीपैड की बाध्यता नहीं होगी। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि जैसा केंद्र सरकार का निर्देश होगा, उसी के हिसाब से काम होगा। लेकिन सरकार कनेक्शनों को यहां पर प्रीपैड करने की तैयारी अब भी चल रही है। इसका फैसला प्रदेश सरकार ने ही किया है। ऐसे में सरकारी विभागों के कनेक्शन जरूर प्रीपैड हो जाएंगे अगर प्रदेश सरकार ने अपना फैसला नहीं बदला तो।

प्रदेश के 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। अब तक 35 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। बचे मीटरों को भी लगाने का काम चल रहा है। स्मार्ट मीटर योजना का जब प्रारंभ किया गया था तब यही कहा गया था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद सारे कनेक्शनों को प्रीपैड कर दिया जाएगा और रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। प्रीपैड कनेक्शन को पहले अनिवार्य बताया जा रहा था। कई राज्यों में कनेक्शन प्रीपैड कर दिए गए हैं।

#### एक्ट में प्रावधान ही नहीं

उप्र में उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को प्रीपैड कर दिया गया है। इसके बाद इसको लेकर राज्य उपभोक्ता परिषद ने इस पर सवाल खड़ा किया था और बताया गया था कि यह विद्युत अधिनियम की धारा 2003 की धारा 47 (5) का उल्लंघन है। इस धारा में प्रीपैड का कोई प्रावधान ही नहीं है। ऐसे में जब यह मामला लोकसभा में उठा तो केंद्रीय मंत्री मनोहर खट्टर ने भी इसी धारा का उल्लेख करते हुए बताया कि इस धारा में प्रीपैड अनिवार्य नहीं है। उपभोक्ता चाहे तो यह विकल्प चुन सकते हैं। इसी के साथ उन्होंने यह भी बताया कि जिन भी राज्यों में उपभोक्ताओं ने प्रीपैड को चुना है, वहां पर उपभोक्ताओं को फायदा होने के साथ पॉवर कंपनियां का घाटा भी समाप्त हो गया है। अब तो केंद्रीय ऊर्जा प्राधिकरण ने संशोधित अधिसूचना भी जारी कर दी है।

#### अब भी सरकारी कनेक्शन प्रीपैड करने की तैयारी

प्रदेश में सरकारी कनेक्शनों को प्रीपैड करने की तैयारी चल रही है। वैसे तो ये अप्रैल से हो जाने थे, लेकिन ब्लाक स्तर के जिन 45 हजार कनेक्शनों को प्रीपैड किया जाना है, उनके द्वारा रीचार्ज न कराने के कारण अब अगले माह से इन कनेक्शनों को प्रीपैड करने की तैयारी है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि अब तक प्रदेश सरकार की तरफ ने इन कनेक्शनों को प्रीपैड न करने के बारे में कोई निर्देश नहीं हैं। ऐसे में आज की स्थिति में इनको प्रीपैड करने की तैयारी चल रही है। अगर प्रदेश सरकार ने कनेक्शनों को प्रीपैड करने से मना कर दिया तभी ये कनेक्शन प्रीपैड नहीं होंगे।

### देंगे निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श

# निजी अस्पताल उठाएंगे हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मातृ एवं शिशु मृत्युदर में कमी लाने स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों के साथ मिलकर नई पहल की है। निजी अस्पताल कम से कम दो उच्च जोखिम की श्रेणी में शामिल महिलाओं को निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श देंगे। साथ ही सतत निगरानी एवं सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने गर्भवती महिलाओं को प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को विशेष परामर्श प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रीय कार्यक्रमों के उन्मुखीकरण एवं उच्च जोखिम गर्भवती माताओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में आईएमए, हास्पिटल बोर्ड, फॉग्सी सहित अन्य संगठन से जुड़े डॉक्टर भी शामिल हुए। बैठक में जिले के मातृ एवं शिशु मृत्युदर को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए वर्तमान में चिकित्सकीय सुविधाओं का लगातार उन्नयन करने के साथ गर्भवती महिलाओं के परिवार को सुरक्षित मातृत्व की जिम्मेदारी के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया है। इस दौरान जिले के तमाम निजी अस्पतालों को कम से कम दो एचआरपी महिलाओं की जिम्मेदारी लेकर उन्हें निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं देखभाल करने कहा गया। इस दौरान सीएमएचओ ने बताया कि वर्तमान में जिला रायपुर में प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को जिले के समस्त सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में उच्च जोखिम वाली समस्त गर्भवती महिलाओं को निशुल्क प्रसव पूर्व जांच एवं विशेष परामर्श प्रदान किया जा रहा है।

### पिथौरा में अंडर-16 सीएससीएस जिला स्तरीय ट्रायल मैच आयोजित

# ट्रायल मैच से युवाओं को मिल रहा बेहतर मंचः मनमीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) के तत्वावधान में पिथौरा में अंडर-16 जिला स्तरीय ट्रायल मैच का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आए प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य उभरते खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें राज्य स्तर पर खेलने का अवसर प्रदान करना रहा। ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी एवं फील्डिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर पिथौरा क्रिकेट एकेडमी (पीसीए) के संयोजक मनमीत छाबड़ा, कोच राजेश चौधरी एवं वरिष्ठ खिलाड़ी मयंक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान संयोजक मनमीत छाबड़ा ने कहा कि ऐसे ट्रायल मैच ग्रामीण एवं छोटे क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से अनुशासन, समर्पण एवं टीम भावना का विकास होता है, जो युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। वहीं कोच राजेश चौधरी ने कहा कि निरंतर अभ्यास, सही मार्गदर्शन एवं अनुशासन के साथ खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और भविष्य में उच्च स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते है।आयोजन से क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिला है तथा युवा खिलाड़ियों में क्रिकेट के प्रति विशेष उत्साह देखा जा रहा है। चयनित खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

# अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में प्रतिभा स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

प्रतिभा स्कूल में सत्र 2025-26 के अंतर्गत विज्ञान ओलंपियाड फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड के प्रथम स्तर में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया।

प्रतियोगिता में कक्षा 1ए से अनंत अग्रवाल, काशवी अग्रवाल, नित्या अग्रवाल एवं श्रीजा पाणिग्रही, कक्षा 2ए से ओनीर अग्रवाल, समर्थ अग्रवाल एवं सात्विक अग्रवाल, कक्षा 3ए से अनवी अग्रवाल, कक्षा 4ए से मिमांसा नायक तथा कक्षा 5ए से अर्श अग्रवाल ने कक्षा टॉपर बनकर गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त किया।

विद्यालय की प्रार्थना सभा में इन सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्राचार्य नरहरि पटनायक द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संचालक डॉ. आभाष अग्रवाल, उप प्राचार्य नासिर खान एवं समस्त शिक्षक परिवार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के ओलंपियाड शाला समन्वयक नीलम पाणिग्राही के अथक प्रयासों एवं मार्गदर्शन से पिछले 8 वर्षों से प्रतिभा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी विज्ञान ओलंपियाड में निरंतर सफलता के नए मापदंड हासिल किए है।

### अब 70 प्रतिशत नकद और 30 प्रतिशत खाद-बीज, दवा के लिए दिए जाएंगे

# किसानों को अब कर्ज में मिलेगी ज्यादा नकदी रकम सहकारी बैंक ने 60-40 का पुराना फार्मूला बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ऋण वितरण की नई नीति जारी कर दी है। इस बार सबसे महत्वपूर्ण बदलाव ऋण वितरण के अनुपात में किया गया है। अब किसानों को स्वीकृत ऋणमान का 70 प्रतिशत हिस्सा नकद के रूप में मिलेगा, जबकि शेष 30 प्रतिशत हिस्सा वस्तु (खाद-बीज और कीटनाशक) के रूप में दिया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले तक किसानों को 60 प्रतिशत नकद और 40 प्रतिशत वस्तु के अनुपात में ऋण उपलब्ध कराया जाता था।




#### नकद राशि बढ़ने से किसानों को मिलेगी राहत

नकद ऋण की सीमा 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से किसानों के पास खेती की अन्य जरूरतों, जैसे मजदूरी भुगतान और जुताई आदि के लिए अधिक नकद राशि उपलब्ध होगी। बैंक द्वारा जारी निर्देशानुसार, वर्ष 2026-27 के लिए धान सिंचित हेतु 66 हजार रुपए और धान असिंचित हेतु 49 हजार 500 रुपए प्रति हेक्टेयर का ऋणमान तय किया गया है। इसी आधार पर 70:30 के नए फार्मूले से नकद और वस्तु का वितरण किया जाना निर्धारित है।

#### क्षेत्रवार ऋण सीमा तय

रायपुर, गरियाबंद, बलौदाबाजार, महासमुंद और धमतरी जिलों के लिए जहां अधिकतम सीमा 66 हजार रुपए है, वहीं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के भटगांव और सरसींवा क्षेत्रों के लिए सिंचित धान हेतु 60 हजार 500 रुपए प्रति हेक्टेयर की सीमा निर्धारित की गई है। समितियों को प्रारूप 01, 02 और 03 में किसानों का विवरण तैयार कर समयसीमा के भीतर बैंक शाखाओं में प्रस्तुत करने को कहा गया है, ताकि वितरण प्रक्रिया में कोई देरी न हो।

#### किसान मजदूर संघ ने की थी पहल

खास बात ये है कि किसानों को 70-30 के अनुपात में ऋण देने की मांग सबसे पहले किसान मजदूर संघ छत्तीसगढ़ रायपुर के संयोजक ललित चंद्रनाहू ने की थी। इस संबंध में उन्होंने संबंधित विभागों, जैसे पंजीयक सहकारिता व अन्य विभागों के साथ कई बार पत्र व्यव्हार भी किया था। काफी कोशिशों के बाद आखिरकार यह व्यवस्था अब लागू की जा रही है। किसानों को यह ऋण लेने के लिए अपने क्षेत्र की समिति में बी-1 की नकल, ऋण पुस्तिका, किसान क्रेडिट कार्ड (पासबुक) चेकबुक, पेश करने पर ऋण मिलेगा।

### महाआरती में शामिल हुए नपाध्यक्ष



महासमुंद। नगर के बाजार वार्ड स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा एवं महाआरती कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने भगवान बजरंग बली की पूजा कर नगर की खुशहाली की कामना की।



### झिटकी मे नवीन समिति का शुभारंभ

**नर्रा।** प्राथमिक साख सहकारी समिति पुनर्गठन योजना के तहत ग्राम पंचायत झिटकी के सामुदायिक भवन में नवीन कार्यालय समिति का शुभारंभभ 8 अप्रैल बुधवार को किसानों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत झिटकी और ग्राम पंचायत राटापाली के किसान मौजूद रहे। इस अवसर पर इस पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि नूतन पटेल, सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर सोनवानी, हेमसागर पटेल, जगदीश पटेल, संतोष पटेल, बालमुकुंद निषाद, मोतीलाल तिवारी, पूनऊराम ध्रुव, कृपाराम साहू, माधोराम सेन, तीलकराम सिन्हा एवं सोसायटी के कर्मचारी चेतन लाल साहू, सदाराम पटेल, दुलेश साहू, उपस्थित रहे।

# मामूली विवाद पर हत्या, सहकर्मी के सिर पर पाना से किया वार, मौत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के उरला थाना क्षेत्र अंतर्गत एग्रो इंडस्ट्रीज एंड कोल्ड स्टोरेज कंपनी में कार्यरत दो कर्मचारियों के बीच मामूली बात पर हुए विवाद की परिणीति हत्या का रूप में हुई। एक कर्मचारी ने दूसरे के सिर पर लोहे के पाना से कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के कुछ घंटों के भीतर ही पुलिस ने आरोपी कर्मचारी को



गिरफ्तार कर लिया है। इधर इस घटना के बाद हत्या का आरोपी रमाकांत निवासी ग्राम मझियारकला थाना रामपुर बघेलान सतना मध्यप्रदेश फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी के छिपने के कई ठिकानों पर छापा मारने के बाद उसे गिरफ्तार किया है। इस मामले में उसके विरुद्ध धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

खबर संक्षेप



## दीनदयाल ध्रुव को भृत्य पद पर मिली अनुकंपा नियुक्ति

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र में निहित प्रावधन के अनुसार दीनदयाल ध्रुव पिता स्वर्गीय परमानंद ध्रुव निवासी ग्राम मुड़मार तहसील एवं जिला महासमुंद को भृत्य पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने दीनदयाल ध्रुव को नियुक्ति प्रदान की। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने बताया कि दीनदयाल ध्रुव को विकासखंड महासमुंद अंतर्गत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बोरियाझर में भृत्य पद पर पदस्थ किया गया है।

## स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों ने कराई जांच

**रायपुर**। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सांस्कृतिक भवन चंगोराभाठा में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में आए लगभग 200 लोगों में से 136 लोगों का डिजिटल चेस्ट एक्स-रे किया गया, साथ ही 24 असामान्य एक्स-रे वाले व्यक्तियों का बलगम सैंपल एकत्रित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी एवं जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. अविनाश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में हुए शिविर का मुख्य उद्देश्य टीबी रोग की जल्द पहचान और उसके उन्मूलन के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर पार्षद दुर्गा यादराम साहू समेत डॉ. नीलिमा सिंह, केशव देवांगन, स्टाफ नर्स, मितानिन और मितानिन समन्वयक का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान की और उन्हें शिविर तक पहुंचाया।

### छत्तीसगढ़िया सर्व समाज ने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के नाम पर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# निजी मेडिकल कॉलेजों की 50 फीसदी सीटों को सेमी गवर्मेंट सीट में तब्दील करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़िया सर्व समाज एससी-एसटी ओबीसी महासंघ ने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से छत्तीसगढ़ के सभी निजी मेडिकल कॉलेजों में 40-50 प्रतिशत सीटों को सेमी गवर्मेंट सीट में तब्दील कर राज्य के मूल निवासी छात्रों को राहत देने की मांग करते हुए कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया है कि छत्तीसगढ़ में शासकीय मेडिकल कॉलेज के अलावा पांच निजी कॉलेज संचालित है। शासकीय कॉलेजों की फीस कम होने के कारण सभी वर्ग के लोग आसानी से एडमिशन ले लेते हैं, लेकिन निजी कॉलेजों में राज्य कोटा सीटों की फीस भी भारी-भरकम है, जिससे एससी-एसटी ओबीसी वर्ग के छात्र एडमिशन नहीं ले पाते हैं और बाद में खाली सीटें ओपन सीट में तब्दील हो जाती है। जिस पर बाहरी राज्य के साधन सम्पन्न छात्र पढ़ाई करके अपने राज्य चले जातें हैं या फिर राज्य के अमीर तबके के लोग मोटी रकम से पढ़ाई करने के बाद अपनी प्राइवेट कॉलेज खोल लेते हैं। जिसके कारण छत्तीसगढ़ के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। जबकि, देश के आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तेलांगना, हरियाणा, पंजाब, तमिलनाडु जैसे अन्य राज्यों में निजी मेडिकल कॉलेज में राज्य कोटे की सीट पर सेमी गवर्मेंट सीट की व्यवस्था है। जिसमें उस राज्य के मूल निवासी छात्र कम फीस पर एडमिशन ले सकते हैं, सेमी गवर्मेंट फीस को राज्य सरकारें वहन करतीं हैं। चूंकि, छत्तीसगढ़ राज्य एससी, एसटी, ओबीसी बाहुल्य राज्य है, जहां ज्यादातर छात्रों के पालक कृषक मजदूर हैं और छोटे कर्मचारी हैं जो निजी कॉलेज के फीस भर पाने में असमर्थ होते हैं। इसलिए अन्य राज्यों की भांति छत्तीसगढ़ में सभी निजी कॉलेज के कुल सीट के 40 से 50 प्रतिशत सीटों को सेमी गवर्मेंट सीट के तहत राज्य के मूल निवासी छात्रों को एडमिशन देकर राहत दी जाए, जिससे यहां के छात्र डॉक्टर की डिग्री लेने के बाद भी राज्य के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में सेवा देकर डॉक्टरों की कमी को पूर्ण कर सकें। सेमी गवर्मेंट सीट से पढ़ाई करने वाले छात्रों को निश्चित अवधि तक सरकारी अस्पतालों में सेवा देने की अनुबंध भी रहतीं हैं।

ज्ञापन देने वालों में मुन्ना साहू प्रदेश सचिव, बसंत सिन्हा जिलाध्यक्ष, एचआर बघेल, एसपी ध्रुव संरक्षणद्वय, दिनेश बंजारे सलाहकार, राजेश डड़सेना विधि सलाहकार, विजय बंजारे कार्यकारी जिलाध्यक्ष, भूपेंद्र चंद्राकर, द्रोण चंद्राकर उपाध्यक्ष, रेखराम बघेल महामंत्री, सुरेंद्र ठाकुर, खिलावन साहू, कल्पना सूर्यवंशी संगठन मंत्री, दिनेश कुमार साहू सरपंच संघ अध्यक्ष, कुमार यादव, संतोष डहरिया, पूनाराम निषाद, भोलाराम निषाद, राजेश रात्रे, कुमार यादव, सुनील निषाद, केशवराम चंद्राकर, ओमप्रकाश पटेल संगठन मंत्री, एचआर सोनवानी, आनंद कुर्रे, चिंता कुर्रे व अन्य लोग शामिल रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सोमनाथ टोंडेकर दी है।

## खेल प्रतिभाओं को निखारने में अहम भूमिका निभाते हैं ऐसे आयोजनः स्वप्निल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

शहीद भगत सिंह खेल मैदान में आयोजित पीसीएल ड्यूज़ बाल क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी के आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विजय नायक (जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा), विजयराज पटेल (अध्यक्ष सहकारी समिति पिथौरा), विधायक प्रतिनिधि सुमीत अग्रवाल, सुरेंद्र पांडे एवं पुष्पराज गजेंद्र उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि स्वप्निल तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि पिथौरा क्षेत्र खेल आयोजनों के लिए विशेष पहचान रखता है। इस तरह के आयोजन खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इन्हीं मंचों के माध्यम से क्षेत्र के खिलाड़ी आगे बढ़कर प्रदेश स्तर पर चयनित हो रहे हैं और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे खेल आयोजनों की भूमिका खेल प्रतिभाओं का भविष्य संवारने में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति के कौशलदास मानिकपुरी, अविनाश पटेल, शैलेंद्र डड़सेना, भीमा रौतिया, नवीन साहू, पोलेश मिश्रा, रोमन साहू, दिनेश साहू एवं राहुल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## समय-सीमा में संगठन सृजन अभियान वार्ड व बूथ स्तर पर मजबूत हुआ संगठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा (शहर) द्वारा संचालित संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत वार्ड एवं बूथ स्तर पर संगठन को सुदृढ़ बनाने का कार्य निर्धारित समय-सीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है।

इस अभियान के तहत कुल 15 वार्ड समितियों एवं 18 बूथ समितियों का गठन किया गया।

# भाजपा मंडल ने हर्षोल्लास के साथ मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने गुरुजी माधवराव सदाशिव गोलवलकर परिसर में पार्टी का ध्वजारोहण कर, भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि एवं मिठाई बांटकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में छग महिला आयोग सदस्या सरला कोसरिया, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ प्रदेश सह प्रभारी चंद्र कुमार पटेल, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष स्वर्ण सिंह सलूजा, जिला मंत्री सीता सतपथी जिला मंत्री कुमारी भास्कर, मंडल प्रभारी विद्या चौधरी की उपस्थित रही। सरला कोसरिया ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी को अपनी मां मानना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा ने पार्टी के सिद्धांतों, उपलब्धियों एवं राष्ट्र निर्माण में भाजपा के योगदान पर प्रकाश डाला।



उन्होंने कहा भाजपा में हम सब को संगठन की एकजुटता, समर्पण और सेवा भावना से काम करते रहना चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष स्वर्ण सिंह सलूजा ने पार्टी की नीति-रीति, विचारधारा से अवगत करने के साथ संगठन की मजबूती और जनसेवा के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा पार्टी का मूल मंत्र हमेशा साफ रहा है राष्ट्र पहले, पार्टी बाद में और खुद सबसे अंत में। प्रदेश सह संयोजक चंद्र कुमार पटेल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अपना काम करो, पद अपने आप आएगा। पद को दायित्व समझना चाहिए और पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम करना चाहिए।

### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर, महिला मोर्चा जिला महामंत्री तारेश्वरी नायक, जिला मंत्री वर्षा साहू, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनोज दास, मंडल महामंत्री डॉ प्रकाश पटेल एवं विदित धनानिया, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला संयोजक तोषनाथ यादव, जपं उपाध्यक्ष मुकेश धर्मेंद्र चौधरी, नप उपाध्यक्ष हेमंत प्रधान, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष मो अख़्तर, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी उपेंद्र चौधरी, रेशम पटेल, महेंद्र सिंह, गजेंद्र ठाकुर, पार्षद चंद्रमणि भोई, देवराज चौहान, जेपी यादव, युवराज प्रधान, रोहित साहू, सुभाष साहू, अमृत प्रधान, मोतीलाल, श्रीराम नायक, कन्हैया पटेल, किरण बेहरा, चैतन्य नायक, महिला मोर्चा से कंचन अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, राधा नायक, भगवती त्रिपाठी, संदीप माखीजा, डॉ शहनवाज, अभिषेक जैन, प्रकाश हमदेव, मोहन चौहान, व्यास लाल चौहान, मनोज आदित्य, मुकेश आदित्य, नंदलाल यादव, कमल अग्रवाल, युवा नेता शिव जायसवाल, अमन ठाकुर, यशवंत साहू, चंद्रहास प्रधान आदि मौजूद रहे।

# पिथौरा जनपद की 82 ग्राम पंचायतें 'टीबी मुक्त' घोषित, सिल्वर और कांस्य पदक से सम्मानित

### महासमुंद जिले में पिथौरा ने मारी बाजी, जनपद अध्यक्ष ने जमीनी कार्यकर्ताओं को दिया श्रेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पिथौरा जनपद पंचायत ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जनपद की 82 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करते हुए उनके सरपंचों को सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि महासमुंद जिले के सभी जनपद पंचायत स्तर पर सर्वाधिक है। जनपद पंचायत सभागार में आयोजित इस गरिमामयी समारोह में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग की इस सफलता की सराहना की।

सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे थीं, जबकि अध्यक्षता उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने की। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाली 60 ग्राम पंचायतों को सिल्वर मेडल और 21 पंचायतों को कांस्य पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे ने कहा कि सिल्वर मेडल मिलना इस बात का प्रमाण है कि हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं और अब हमारा अगला लक्ष्य 'स्वर्ण पदक' जीतना है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं को ग्रामीण स्तर तक सुलभ बनाने के लिए हैंड हेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन का लोकार्पण किया गया। इस मशीन का पहला डेमो टेस्ट धनोरा के सरपंच गिरीश पटेल पर किया गया। अब यह मशीन गांव-गांव जाकर टीबी की संभावित जांच के लिए उपलब्ध रहेगी, जिससे मरीजों की पहचान जल्द हो सकेगी।




समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने अपने विचार साझा करते हुए जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने कहा कि यह सफलता जमीनी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। जिले में प्रथम स्थान पर आना हमारे लिए गौरव की बात है। वहीं जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि पंचायती राज में जनसहभागिता से ही किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों का अहम योगदान रहा है। जबकि जनपद सीईओ योगेश्वरी बर्मन टीबी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियां अब दूर हो रही हैं। हमें 'निक्षय मित्र' और 'निक्षय पोषण' अभियान का और अधिक प्रचार-प्रसार करना चाहिए। कार्यक्रम का स्वागत भाषण और आभार प्रदर्शन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तारा अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर दिनेश पटेल, जिला समन्वयक उत्तम श्रीवास, घनश्याम देशमुख, आरके अवस्थी, ललेश साहू सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और विभिन्न ग्रामों के सरपंच जैसे शशिकला पटेल, मनोज सिन्हा, पवन साहू आदि उपस्थित रहे।

# कॉलेज के वनस्पति शास्त्र विभाग के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक फील्ड विजिट एवं एजुकेशनल टूर का आयोजन किया गया। यह भ्रमण महाविद्यालय की प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम के अनुरूप हुआ।

भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने शिवरीनारायण स्थित पवित्र संगम क्षेत्र में महानदी, शिवनाथ एवं जोंक नदियों के तट पर जाकर विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक अध्ययन किया। विद्यार्थियों ने जल की गुणवत्ता, जल प्रदूषण, मृदा गुणवत्ता के साथ-साथ सूक्ष्मजीवों, जलीय एवं स्थलीय पौधों का निरीक्षण किया। इस दौरान जैसे महत्वपूर्ण पैरामीटर्स की जानकारी भी दी गई। शिवरीनारायण मंदिर में दर्शन उपरांत विद्यार्थियों ने मंदिर परिसर में स्थित फिकस वंश की दुर्लभ प्रजातियों का अवलोकन किया, जहां पत्तियों के अकारिकी एवं विविधताओं का अध्ययन किया गया। इसके पश्चात बलौदा बाजार फॉरेस्ट रेंज के गिरोधपुरी धाम में वनस्पति विविधता का गहन अध्ययन कराया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. ई.पी. चेलक ने विद्यार्थियों को औषधीय पौधों जैसे हर्रा, आंवला, नीम एवं तेंदू के औषधीय गुणों एवं उपयोगों की वैज्ञानिक जानकारी दी। साथ ही प्रजातियों का कलेक्शन एवं पहचान कराई गई। इसके अतिरिक्त पौधों में पाए जाने वाले विभिन्न रोगों बैक्टीरियल, वायरल एवं फंगल डिजीज के लक्षणों का प्रत्यक्ष अध्ययन कराया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न पौधों एवं वृक्षों के बीजों का संग्रह भी किया, जिससे उनकी टैक्सोनॉमिक पहचान में सहायता मिलेगी।

इस शैक्षणिक भ्रमण में जनभागीदारी व्याख्याता किरण साहू, प्रयोगशाला तकनीशियन तेजस्विनी साहू, पूर्णिमा साहू तथा प्रयोगशाला परिचारक मनीष कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन में ऋषिकेश एवं सभी विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही।

# राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर निकली कलश यात्रा

**सरायपाली**। ग्राम केना में राधाकृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिवस मंदिर परिसर से गाँव की गलियों से होते हुए दर्री तालाब तक बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। महिलाओं के साथ युवतियों ने भी कलश उठाया। यात्रा के दौरान श्रध्दालुओं द्वारा लगाए लगाए जा रहे राधे-कृष्ण की जयकारे से पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया। दूर-सुदूर तथा विभिन्न पंचायतों से आई हुई महिलाएं हुलहुली और जयकारे के साथ चल रही थी। जिस रास्ते से कलश यात्रा गुजर रही थी वह लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी रही। कलश यात्रा दर्री तालाब पहुँची और वहां से मंत्र से अभिसिंचित जल कलश में भरा गया। विद्वतजनों ने मंत्रोच्चार के बीच कलश की स्थापना की गई।



इस अवसर पर मुख्य यजमान सुंदर लाल पटेल ग्राम गौटिया, मंदिर अध्यक्ष टिकेश्वर साहू, उपाध्यक्ष नरोत्तम भोई, रामरतन पटेल, विजय चौधरी, टिकेश्वर पटेल, तिरिथलाल पटेल ने सम्पूर्ण धार्मिक कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से कराया। कुल पुरोहित पंडित खिरोद्र कर, पंडित विद्याधर दास, यज्ञाचार्य पं. त्रिलोचन कर, जोगेंद्र दास, अजय दास, सुभाष मिश्रा, ब्रह्मप्रकाश कर ने विधिवत वैदिक रीति-नीति के अनुसार पूजन करवाया गया। कार्यक्रम का संचालन वंदेमातरम् सेवा संस्थान छग के उपाध्यक्ष जन्मजय नायक कर रहे हैं। दिव्य प्रेम, सर्वोच्च भक्ति और ईश्वर के साथ आत्मा के मिलन का प्रतीक यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, महाभंडारे के साथ निरंतर आगामी पांच दिनों तक चलेगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## खुटेरी में निःशुल्क टीकाकरण

**अरंड (पिथौरा)।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण के अंतर्गत खुरपका - मुंहपका बीमारी की रोकथाम हेतु महासमुंद जिला में 30अप्रैल 2026 तक सघन टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत ख़ुटेरी में बुधवार को निःशुल्क टीकाकरण किया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच सुशीला मांझी ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि गाय, भैंस सहित सभी खुर वाले पशुओं को टीकाकरण अवश्य लगाए। पशु चिकित्सा विभाग से हंसराज निषाद ने बताया कि भारत शासन द्वारा नेशनल एनिमल डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के तहत इस अभियान को संचालन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश में खुरपका-मुंहपका जैसी संक्रामक बीमारी पर नियंत्रण पाना और उसे पूरी तरह समाप्त करना है।

## युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बने गिरवर व भीमा बने सचिव

**नर्रा।** सुरमाल परिक्षेत्र क्रमांक एक साहू समाज घोयनाबाहरा के



समाजिक भवन (कोमाखान) में मां कर्मा जयंती एवं शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित परिक्षेत्र पदाधिकारी एवं समाज के लोग उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां कर्मा माता के तैल चित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर किया गया। इसके बाद समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा निष्ठा और गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान अध्यक्ष दुबेलाल साहू, उपाध्यक्ष मोहन साहू, संगठन सचिव छेदूलाल साहू, उपाध्यक्ष महिला पुन्नी बाई साहू, संगठन सचिव महिला शांति साहू, कोषाध्यक्ष कोमल साहू, सचिव लालजी साहू इत्यादि चुने गए है। इस तरह सर्वसम्मति से युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष गिरवर साहू, कार्यकारी अध्यक्ष जनक साहू, उपाध्यक्ष मोहित साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सचिव भीमा साहू सह संयोजक रामशरण, डिंगन साहू, सतीश, नंद कुमार, पवन साहू, गोपाल, लितेश, मुकेश, नेमीचंद इत्यादि को समाज के उत्थान एवं संगठन को मजबूत बनाने को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई।

## खरोरा में सतग्रंथ समारोह आयोजित

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अखंड तीन दिवसीय सतग्रंथ समारोह 7 अप्रैल से 10 अप्रैल तक किया जा रहा है। इस दौरान मानस मंडली ने अपनी बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। टीकाकारों ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास बाबा का जन्म 18 दिसंबर को हुआ था। सतनाम पंथ की एकता, समानता और भक्ति का प्रतीक है, जो विशेष रूप से जैतखंभ की पूजा अर्चना करते हैं। सतनाम भजनों के साथ-साथ 'मनखे-मनखे एक समान का संदेश का प्रसार किया है जो सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है। गिरौदपुरी धाम में गुरु घासीदास बाबा की जन्मस्थली होने के कारण यहां विशेष सतग्रंथ का पाठ और आयोजन होते हैं।

### आयोजन : झलप क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव पर आस्था का सैलाब उमड़ा

# हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब, एक किमी लंबी शोभायात्रा में उमड़े हजारों भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर झलप क्षेत्र में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि सड़कों पर तिल रखने की जगह नहीं बची। समस्त झलप क्षेत्र के तत्वाधान में आयोजित इस महा-महोत्सव में न केवल स्थानीय बल्कि आस-पास के दर्जनों गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सुबह की पूजा से लेकर देर रात भंडारे तक, पूरा क्षेत्र केसरिया रंग में रंगा नजर आया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ प्रातः 10 बजे राम मंदिर में विशेष पूजन और अभिषेक के साथ हुआ। पंडित आशीष गौरचरण मिश्र (बेतारी वाले) की उपस्थिति में सामूहिक हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पेयजल और शरबत की व्यवस्था सेवाभावी एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा की गई थी।

### बाइक रैली में दिखाया उत्साह सड़कें करनी पड़ी 'वन-वे'

दोपहर 3 बजे जैसे ही भगवा ध्वज फहराकर बाइक रैली की शुरुआत हुई, युवाओं का जोश देखने लायक था। हजारों की संख्या में बाइक



सवार 'जय श्रीराम' के नारों के साथ सड़कों पर उतरे। रैली की विशालता के कारण यातायात व्यवस्था को संभालना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती रही। भीड़ के दबाव को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से मुख्य मार्ग को एकांगी (वन-वे) कर दिया गया था, ताकि रैली बिना किसी बाधा के निकल सके।

### आकर्षण का केंद्र रहीं बाहर से आई झांकियां और धुमाल

शाम 5 बजे शुरू हुई मुख्य शोभायात्रा ने भव्यता की नई मिसाल पेश की। इसमें शामिल प्रमुख आकर्षणों ने लोगों का मन मोह लिया। मुरादाबाद (उत्तरप्रदेश) से आए सुमित अघोरी काल भैरव आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन कर लोगों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। बाबा बागेश्वरनाथ समिति (आरंग) द्वारा प्रस्तुत त्रिपुरासुर वध की झांकी और हनुमान की जीवंत झांकी को देखने के लिए छतों पर लोगों की भीड़ जमा रही। दुर्ग की प्रसिद्ध गौरी कृपा धुमाल और राज व मनीष डीजे की धुनों पर युवा और बुजुर्ग सभी झूमते रहे। रात को हुई भव्य आतिशबाजी ने आसमान को रोशनी से सराबोर कर दिया।



### प्रसाद के लिए उमड़ा जनसैलाब

9 बजे से शुरू हुए विशाल आम भंडारा के भक्ति के इस महापर्व का समापन रात्रि 1 बजे तक हुआ। भंडारे में 5 से 6 हजार के लगभग पुरुष, महिला एवं बच्चों ने कतारबद्ध होकर महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि भंडारे की तैयारी कई दिनों से चल रही थी और देर रात तक सेवा का क्रम जारी रहा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय व्यापारी संघ, ग्रामीण विकास समिति, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, और समस्त ग्रामवासियों ने दिन-रात मेहनत की।



## 60 शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने दिया जा रहा सिलाई प्रशिक्षण

**महासमुंद।** भारत सरकार की नवीनतम पायलट परियोजना नाव्या के अंतर्गत जिले में 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग की शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने कौशल विकास से जोड़ते हुए उन्हें रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में आईटीआई लभराखुर्द को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में चयनित किया गया है, जहां 18 मार्च से सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। प्रथम चरण में 60 बालिकाओं का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण से जोड़ा गया है। प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को सिलाई-कढ़ाई की व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी प्रदान की जा रही है, जिससे वे कौशल प्राप्त कर भविष्य में स्वरोजगार स्थापित कर सकें। नाव्या परियोजना का उद्देश्य शाला त्यागी बालिकाओं को मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत ये बालिकाएं स्वयं का रोजगार प्रारंभ करने अथवा अन्य रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सक्षम होंगी।

## जयंती का आमंत्रण देने पहुंचे समाज प्रमुख, आयोजन की तैयारियां तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कंडरा आदिवासी समाज राजिम राज द्वारा संत शिरोमणि सुफल भगत की जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। इसी कड़ी में समाज के प्रमुख प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री गुरु खुशवंत साहेब (तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं अनुसूचित जाति मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण प्रदान किया।

समाज के अध्यक्ष विजय कंडरा के नेतृत्व में पहुंचे इस प्रतिनिधिमंडल में टीकम कटारिया, कैलाश कंडरा, अशोक कंडरा, कौसल कंडरा एवं जितेंद्र कंडरा सहित अन्य सदस्य शामिल थे। सभी ने मंत्री खुशवंत साहेब को 19 अप्रैल 2026 रविवार को आरंग स्थित कंडरा पारा में आयोजित होने वाले जयंती समारोह की विस्तृत जानकारी दी और कार्यक्रम में सहभागिता का आग्रह किया। मंत्री ने समाज के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया। उन्होंने संत शिरोमणि सुफल भगत के जीवन और उनके सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य करते हैं। इस जयंती समारोह को लेकर समाज में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सामाजिक बैठककार्यक्रम आयोजित किए जाने की संभावना है, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे। समाज के मीडिया प्रभारी लोचन कंडरा ने बताया कि जयंती समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज की एकता, परंपरा और गौरव का प्रतीक होगा।

# पीएमश्री बृजराज स्कूल में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला में पीएमश्री योजना के अन्तर्गत एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यातायात विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा विभाग एक्सपर्ट टीम ने हिस्सा लिया।

यह कार्यक्रम का उद्देश्य शासन के अन्य विभागों में जनसमुदाय के लिए होने वाले जनकल्याणकारी कार्यक्रम का संदेश छात्रों तक पहुंचना था। इसके तहत यातायात विभाग से मानसिंह भदौरिया उपनिरिक्षक यातयात विभाग के निर्देशन में हरीश चंद्राकर आरक्षक के द्वारा यातायात में सुरक्षा एवं बचाव के संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए दोपहिया वाहन में हेलमेट, सिग्नल के अनुसार चौक चौराहे में यातायात, ओवरलोडिंग, नाबालिक ड्राइविंग, ओवरस्पीड, ड्रिंक एंड ड्राइव आदि विभिन्न विषयों पर सारगर्भित चर्चा कर जानकारी दी। शिक्षकों को भी यातायात सम्बन्धी पुस्तक दिए। जिसे शनिवार बैगलेस डे के दिन पाठ्यक्रम में सम्मलित करने कहा। चूंकि पीएमश्री बृजराज के मुख्य मार्ग पर स्थित है इसलिए प्रधानपाठक ने स्कूल के छुट्टी के समय यातयात विभाग के सिपाही की मांग किए, जिसे भदौरिया द्वारा सहर्ष स्वीकार किया और आने वाले समय में 4 बजे छुट्टी के समय ट्रैफिक सिपाही को भेजने का आश्वासन दिया। इसी तारतम्य में स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर चंद्रशेखर साहू सर्जन डेंटिस्ट विभाग एवं डॉक्टर मयंक चंद्राकर




सीनियर रेसिडेंस मेडिकल कॉलेज द्वारा दांतों की सुरक्षा एवं उपाय के बारे में जानकारी देते हुए सभी छात्रों को ब्रश करने का समय और तरीका बताया। उन्होंने कहा कि चेहरे की सुंदरता दांतों से है। दांत चमकीले और स्वस्थ रहेंगे। आपके चेहरे सुंदरता बनी रहेगी। उन्होंने पायरिया, केविटी, दांतों में गेपिंग, सड़न होने के कारण और सुरक्षा के उपाय बताए। साथ ही तंबाकू, गुटखा और अन्य व्यसन से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम के पश्चात डेंटल कैंप लगाया गया। जिसमें 152 छात्रों को डेंटल चेकअप करते हुए थोड़ा गंभीर प्रॉब्लम वाले छात्रों को मेडिकल कॉलेज आने के लिए कहा गया। सभी छात्रों को माउथवाश, ब्रश, पेस्ट, जीभी का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में आरक्षक हरीश चंद्राकर, आनंद धृतलहरे, महेंद्र दीवान, पेखन माथुर उपस्थित रहे, जिन्हें कार्यक्रम के स्मृति चिन्ह के रूप में सभी मोमेंटो संस्था द्वारा प्रदान किया गया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष अशोक नामदेव द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक देवेंद्र ठाकुर, मनीषा साहू, स्वाति सिन्हा, रेखराम ध्रुव, रसोइया मुन्ना साहू, लक्ष्मी साहू का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर एवम आभार प्रधानपाठक गोमती साहू ने किया।

## जिले के 807 श्रमिक हितग्राहियों को मिली 38.39 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत राज्य सहित जिले के पंजीकृत श्रमिकों को 28 मार्च को डीबीटी के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस दौरान महासमुंद जिले के कुल 807 हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे कुल 38,39,331 रुपए की राशि अंतरित कर उन्हें लाभान्वित किया गया। श्रमिकों ने समय पर सहायता उपलब्ध होने पर राज्य शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि जिले में मिनीमाता महतारी जतन योजना के अंतर्गत 4 हितग्राहियों को 80,000 रुपए, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना में 540 हितग्राहियों को 10,45,000 रुपए, सियान सहायता योजना में 30 हितग्राहियों को 6,00,000 रुपए तथा नोनी सशक्तिकरण योजना में 70 हितग्राहियों को 14,00,000 रुपए की राशि प्रदान की गई। इसी तरह मुख्यमंत्री दीर्घायु श्रमिक सहायता योजना में 1 हितग्राही को 20,000 रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना में 16 हितग्राहियों को 24,000 रुपए, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना में 42 हितग्राहियों को 1,43,817 रुपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी सहायता योजना में 82 हितग्राहियों को 4,45,000 रुपए तथा मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना में 22 हितग्राहियों को 81,514 रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में अंतरित की गई।

## शेर और पिलवापाली में मोबाइल कैंप शिविर आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं असंगठित कर्मकार मंडल के श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण के लिए जिले में मोबाइल कैंप शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 अप्रैल 2026 तक जिले के विभिन्न विकासखंडों के नगरीय निकायों, वार्डों और ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जा रहे हैं। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि इसी क्रम में इस सप्ताह भी अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। इनमें 09 अप्रैल को विकासखंड महासमुंद के ग्राम शेर तथा विकासखंड पिथौरा के ग्राम पिलवापली में शिविर लगाया जाएगा। वहीं 10 अप्रैल को विकासखंड बसना के ग्राम जोगीपाली और विकासखंड बागबाहरा के नगर पालिका क्षेत्र बागबाहरा के इंदिरा गांधी वार्ड में श्रमिक पंजीयन हेतु कैंप आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों में श्रमिकों के पंजीयन एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया मौके पर ही पूरी की जाएगी। इसके लिए श्रमिकों को अपने साथ आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड (परिवार के सभी सदस्यों का), बैंक पासबुक और मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य होगा। असंगठित कर्मकार के नए पंजीयन हेतु आय प्रमाण पत्र भी साथ लाना आवश्यक है। श्रम विभाग द्वारा जिले के सभी श्रमिकों से अपील की गई है कि वे इन शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

## आदिवासी बालक आश्रम अमरकोट बना बच्चों के सर्वांगीण विकास का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली विकासखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित आदिवासी बालक आश्रम अमरकोट ने सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ाया है। पहले यहां बच्चों में स्वास्थ्य समस्याएं, पढ़ाई में रुचि की कमी और अनुशासनहीनता जैसी चुनौतियां आम थी। आश्रम में बच्चों को बागवानी, किचन गार्डन और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों से जोड़ा गया, जिससे उनमें प्रकृति के प्रति लगाव और जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई। आश्रम के भोजन की गुणवत्ता में सुधार किया गया और साफ-सफाई, रहन-सहन व नियमित दिनचर्या पर विशेष ध्यान दिया गया। अब यहां के छात्र अपनी पढ़ाई में रुचि लेने लगे हैं। उन्हें अपने कमरे और सामान की देखरेख, स्वच्छता और अनुशासन का महत्व सिखाया जा रहा है। खेल-कूद के



क्षेत्र में भी बच्चों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिलती है। खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, बैडमिंटन के साथ-साथ पारंपरिक खेलों जैसे गोटी और पिठ्ठुल में भी वे पूरे उत्साह से हिस्सा लेते हैं। इससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित हो रहा है। आश्रम की दिनचर्या बच्चों के जीवन को नई दिशा दे रही है। सुबह योग और प्रार्थना से शुरुआत, दिन में पढ़ाई और शाम को प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से उन्हें जीवन के मूल्य सिखाए जा रहे हैं। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम, ड्राइंग और पेंटिंग जैसी गतिविधियां बच्चों की प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

# भागवत कथा: श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग सुनकर झूम उठे भक्तगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम लभराखुर्द में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक पं. सूर्यकांत शास्त्री महाराज (धमतरी वाले) ने कथा के प्रथम चरण में भागवत का वर्णन करते हुए बताया कि यह ग्रंथ साक्षात कृष्ण का वांगमय स्वरूप है। कलयुग में केवल श्रवण मात्र से ही जीव की पापों का समान हो जाता है। परीक्षित जन्म के साथ कथा के दौरान विभिन्न प्रसंगों का जीवंत वर्णन किया गया। कथावाचक ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का बखान करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण माखन चोरी की लीला के माध्यम से वात्सल्य भाव को प्रकट किया है। भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद मनाते हुए भक्तों के बीच खूब मिठाई, टाफिया और बधाई बांटी गई।

कथा प्रसंग में सूर्यकांत शास्त्री ने कहा कि भगवान कृष्ण युगो- युगो से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आए हैं। भगवान अपने भक्तों के भाव और प्रेम से बंधे हैं। उनसे भक्तों की दुविधा कभी देखी नहीं जाती। वे अपने भक्तों की कामना की पूर्ति तो करते ही है। साथ ही उनके साथ अपने स्नेह बंधन निभाने खुद इस धरा पर आते हैं। भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तृत वर्णन किया। जिसमें नंदोत्सव, माखन चोरी, पूतना वध का प्रसंग सुनाया। भगवान कृष्ण ने यही लीला की, जिसमें समस्त



गोकुलवासी सुखी एवं संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय है मन की चोरी करने से है। कंस द्वारा भेजी गई राक्षसी पूतना ने भगवान को विषपान कराने आई थी। पूतना अविधा का प्रतीक है। भगवान ने उसका उद्धार कर उसे धात्री माता की गति प्रदान किया। झांकी के माध्यम से मटकी, दही लूट छोटे-छोटे बच्चें ने वेशभूषा धारण किया।

भगवान कृष्ण और बलराम लोगों का मन मोह लिया। कथा के दौरान माखन चोरी का प्रसंग बताते हुए कहा कि माता यशोदा ने कृष्ण भगवान को ऊखल से बांधने का प्रयास किया तो रस्सी हमेशा दो अंगुल छोटी पड़ जाती है।

### जन्मों जन्म के पुण्य कर्मों का लाभ मिला

कृष्ण व भगवान राम जन्म का कथा वृतांत करते बताते हुए कहा कि राजा दशरथ व वासुदेव के जन्मों जन्म के पुण्य कर्मों का लाभ जगत के पालन हार को पुत्र रूप में प्राप्त कर मिला। उन्होंने कहा कि भगवान को केवल भाव चाहिए। चाहे उनका प्रेम से स्मरण करो या शत्रुता से। रावण और कंस के हृदय में दिन रात भगवान वास करते थे। रावण और कंस उन्हें एक क्षण भी नहीं भूल पाते थे। वे दोनों भगवान हरि नारायण विष्णु को शत्रु मानते थे, इसलिए वे भयभीत रहते थे, कि पता नहीं किस रूप में हरि नारायण उनके सम्मुख आएंगे। इस व्याकुलता में प्रभु उनके हृदय में हर क्षण निवास करते थे। प्रभु ने कंस को कृष्ण के रूप में और रावण को श्रीराम के रूप में अवतरित होकर उन्हें मुक्ति प्रदान किया। भगवान ने उन्हें अपना धाम प्रदान कर उनके लिए मोक्ष का द्वार खोल दिया। बड़े-बड़े तपस्वियों, ऋषि मुनियों को जो सौभाग्य प्राप्त नहीं होता, वह रावण और कंस को भगवान को परमधाम के रूप में प्राप्त हुआ। कथा के दौरान भक्तिमय भजनों से श्रोता थिरकते नजर आए।

कार्यक्रम में चूड़ामणि चंद्राकर, परमेश्वरी चंद्राकर, नीलमणि चंद्राकर, भूमिका चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर, बसंती शत्रुघ्न चंद्राकर, उषा चंद्राकर, उत्तरा चंद्राकर, सोमा प्रमोद चंद्राकर, भैया लाल चंद्राकर, श्यामा चंद्राकर, मुन्नी शंकर चंद्राकर, सरस्वती कांतु चंद्राकर, कमला भूषण चंद्राकर, उर्मिला चंद्राकर, साधना किशोर चंद्राकर, दामिनी अंगद चंद्राकर, रुचि अंकुर चंद्राकर, दामिनी, राजा, देवा, रूद्र, यथार्थ, हेयांश, पीयूष, यशस्वी, गुरुदीप, पूर्वांशी, पूनम, रिया आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी कृष्ण कुमार साहू ने दी है।


